Tender Heart High School, Sector-33 B, Chandigarh.

कक्षा - तीसरी

शिक्षिका - श्रीमती कल्पना शर्मा

विषय - हिन्दी साहित्य

पुस्तक : तरंग हिन्दी पाठमाला - 3

सुप्रभात प्यारे बच्चो !

आज हम पाठ - 12 'अनमोल मित्रता' के वाक्य बनाओ तथा प्रश्न - उत्तर करेंगे।

* वाक्य बनाओ

1. मित्रता - एक अच्छी मित्रता व्यक्ति को सफल बना सकती है।
2. अतिथि - आज हमारे घर अतिथि आए हैं।
3. रक्त - चोट लगने के कारण राजू के पैर से रक्त बहने लगा।
4. निर्धन - मैंने अपने जन्मदिन पर निर्धन लोगों को भोजन खिलाया।
5. स्वादिष्ट - मेरी माँ बहुत स्वादिष्ट मिठाइयाँ बनाती हैं।

* प्रश्न - उत्तर

प्रश्न 1. श्रीकृष्ण कहाँ के राजा थे ?

उत्तर - श्रीकृष्ण द्वारिका के राजा थे।

प्रश्न 2. श्रीकृष्ण के बचपन का मित्र कौन था ?

उत्तर - श्रीकृष्ण के बचपन के मित्र का नाम सुदामा था।

प्रश्न 3. सुदामा को श्रीकृष्ण ने कहाँ पर बिठाया ?

उत्तर - श्रीकृष्ण ने सुदामा को गले से लगाया और

कक्षा - तीसरी

विषय- हिन्दी साहित्य

और उन्हें अपने हाथों से पकड़कर द्वारिका के राज सिंहासन पर बिठाया।

प्रश्न 4. श्रीकृष्ण ने सुदामा के पैर क्यों धोए ?
उत्तर- श्रीकृष्ण ने देखा कि पैदल चलने के कारण सुदामा के पैरों में काँटे चुभ गए हैं और उनकी बिवाइयों से रक्त भी बह रहा है तो सुदामा को अपना मित्र तथा अतिथि समझकर श्रीकृष्ण ने सुदामा के पैर धोए।

प्रश्न 5. सुदामा की पत्नी ने क्या भेजा था ?
उत्तर- सुदामा की पत्नी ने श्रीकृष्ण के लिए पोटली में बाँधकर कुछ चावल भेजे थे। श्रीकृष्ण को वे चावल चबाने पर बहुत स्वादिष्ट लगे।

प्रश्न 6. सुदामा को खाना किसने खिलाया ?
उत्तर - श्रीकृष्ण ने सुदामा को बिठाकर अपने हाथों से भोजन खिलाया।

गृहकार्य

सभी छात्र ऊपर दिए वाक्य बनाओ तथा प्रश्न-उत्तर को अपनी-अपनी कॉपी में लिखेंगे। सभी इस कार्य को सुन्दर लिखाई में लिखेंगे।

धन्यवाद।

[Last Page]